## संपादकीय

# सिर उठाती महंगाई

खाद्य वस्तुओं की कीमतों में तेजी की वजह से उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) में आए उछाल ने पहले से ही कमजोरी झेल रही अर्थव्यवस्था के लिए चिंता बढ़ा दी है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक सीपीआई के जरिये जाहिर समग्र खुदरा महंगाई की दर दिसंबर में बढ़कर 7.35 फीसदी पर पहुंच गई, जो बीते छह वर्षों में यानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अब तक के कार्यकाल में सबसे ज्यादा है। खुदरा महंगाई के हिस्से के रूप में सबसे ज्यादा महंगाई खान-पान की चीजों में दर्ज की गई है, जो दिसंबर में बढ़कर 14.12 फीसदी हो गई है। नवंबर में यह 10.01 फीसदी दर्ज की गई थी। खुदरा मुद्रास्फीति में तेजी सुस्त पड़ती अर्थव्यवस्था के लिए कई तरह की समस्याएं खड़ी कर कर सकती है। रिजर्व बैंक के हाथ बांधने में इसकी बड़ी भूमिका हो सकती है। बढ़ती महंगाई के बीच मुख्य ब्याज दर में कटौती करके वास्तविक ब्याज दरों को ऋणात्मक दायरे में ले जाने का जोखिम कोई केंद्रीय बैंक नहीं उठाना चाहता। बहरहाल, मौजूदा हालात को लेकर अर्थ विशेषज्ञों की राय दो तरह की है। एक वर्ग का मानना है कि यह अस्थायी स्थिति है, जनवरी में मुद्रास्फीति तेजी से नीचे आ सकती है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल का कहना है कि करीब से देखने पर लगता है कि मुद्रास्फीति में उछाल अस्थायी प्रकृति का या किसी विशेष कारक की वजह से है। लेकिन कई अर्थशास्त्री कह रहे हैं कि भारत की अर्थव्यवस्था फिलहाल 'स्टैगफ्लेशन' चरण में जा रही है। यह शब्द स्टैग्नेशन और इन्फ्लेशन से मिलकर बना है। जब विकास दर धीमी पड़ने लगती है, मांग में कमी आ जाती है, बेरोजगारी बढ़ने लगती है, और इसके समानांतर महंगाई कम होने के बजाय बढ़ती ही जाती है तो इस अवस्था को स्टैग्फ्लेशन कहा जाता है। मौजूदा संकट को लेकर इन अर्थशास्त्रियों का कहना है कि इसके हालात पिछले कुछ वर्षों से बन रहे हैं। लोगों के खर्च में कमी आई है क्योंकि कई सेक्टरों में छंटनी हुई है और कुछ कारोबारी संस्थानों ने अपना निवेश घटा दिया है। मांग में गिरावट से कीमतें नीचे आनी चाहिए लेकिन तेल, दूध और सब्जियों की महंगाई इस तर्क को खारिज कर रही है।

रिजर्व बैंक द्वारा पिछले साल पांच बार ब्याज दर में कटौती और वित्त बाजार में हजारों करोड़ रुपये के सरकारी प्रवाह का कोई असर नहीं हुआ क्योंकि बैंक अपने कर्जे डूबने से दबाव में हैं। कॉरपोरेट सेक्टर को टैक्स कटौती का लाभ मिला है लेकिन वह निवेश के लिए आगे नहीं आ रहा। कारोबार में तेजी लाने के लिए ब्याज और घटाया जाए तो बाजार में पैसा बढ़ने से महंगाई और भड़क सकती है। इस तरह इकॉनमी एक कुचक्र में फंस सकती है जिसे तोड़ना मुश्किल होगा। वैसे ज्यादातर विशेषज्ञों का मानना है कि स्टैग्फ्लेशन जैसे बड़े नतीजे सिर्फ एक-दो महीनों के आंकड़े से नहीं निकाले जाने चाहिए।

# रेलवे डिब्बों में लगाए जा रहे अत्याधुनिक सेंसर

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय रेलवे ने सामान्य यात्री डिब्बों को भी स्मार्ट बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। इसका मकसद यात्रा को सुविधाजनक, आरामदेह और सुरक्षित बनाने के साथ यात्रियों को विश्वस्तरीय अनुभव प्रदान करना है।

यह स्मार्ट डिब्बे इस साल से ही पटरी पर उतर सकते हैं। रेलवे के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। रेलवे के रॉलिग स्टाक मेंबर राजेश अग्रवाल के मुताबिक, रेलवे कोच में सेंसर लगाने का काम शुरू हो गया है। ये सेंसर काफी संवेदनशील हैं जो ट्रेनों में छोटी से छोटी दिक्कतें और खराबी को समय रहते पकड़ लेते हैं जिससे समय रहते इन खराबियों को दूर कर लिया जाता है। ये सेंसर ट्रैक और कोच में लगी चक्कों की भी समय रहते जांच कर बता देते हैं कि कहा दिक्कतें हैं। ध्यान रहे कि पहले यह काम रेलवे मैन्यूली करती थी।



उन्होंने कहा कि इसके साथ ही इन सेंसर का इस्तेमाल कोच और डिब्बों में पानी भरने के लिये भी किया जा रहा है, जिससे हर समय कोच और डिब्बों में पानी पर्याप्त मात्रा में रखा जा सके। ये सेंसर डिब्बों में पानी के औसत मात्रा से कम होते ही निकटम स्टेशन को अलर्ट भेजते हैं जिससे यह मालूम हो जाता है कि किस कोच या डिब्बे में पानी भरना है। रेलवे के अनुसार, रेलवे के यात्री डिब्बों को चेन्नई की इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आइसीएफ), कपूरथला की रेलवे कोच फैक्ट्री (आरसीएफ) और रायबरेली की मॉर्डन कोच फैक्ट्री (एमसीएफ) में स्मार्ट बनाया जाएगा। इस काम में रेलवे के 2,000 से ज्यादा अधिकारी और तीन लाख से ज्यादा कर्मचारी लगे हुए हैं। यह अधिकारी और कर्मचारी यात्री डिब्बों को आईओटी, सेंसर, स्काडा, नेटवर्किंग, एनालिटिक्स, अलर्ट इत्यादि तकनीकें लगाने में जुटे हैं।

रेलवे ने दावा किया है कि अत्याधुनिक तकनीक को रेल तेजी से अपना रही है और इसमें अधिकारी से लेकर सामान्य कर्मचारी तक सहयोग कर रहे हैं। रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रेलवे में कर्मियों की लगातार कमी हो रही है, बावजूद इसके रेलवे ने बीते साल उम्दा और उल्लेखनीय काम किया है जिससे दुर्घटनाओं में बहुत कमी आई है।

# ईडी ने एयर एशिया के सीईओ समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को जारी किया नोटिस

» 20 जनवरी को पूछताछ के लिए बुलाया

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में पूछताछ के लिये एयर एशिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) टोनी फर्नांडीस समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को समन जारी किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को इसकी जानकारी दी। ईडी ने कंपनी और इसके अधिकारियों के खिलाफ 2018 में मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था।



अधिकारियों ने कहा कि फर्नांडीस को पूछताछ के लिए 20 जनवरी को बुलाया गया है। इसके बाद अन्य अधिकारियों को उपस्थित होने के लिए कहा गया है। अधिकारियों ने कहा कि जांच को आगे बढ़ाने के लिये नये समन जारी किये गये हैं। एयर एशिया पर आरोप है कि उसने अपनी भारतीय अनुषंगी एयर एशिया इंडिया लिमिटेड को अंतरराष्ट्रीय लाइसेंस दिलाने के लिये सरकारी नीतियों को गलत तरीकों से प्रभावित करने की कोशिशें की हैं। ईडी की जांच इसी आरोप से जुड़ी है। इस आरोप के मद्देनजर सीबीआई की प्राथमिकी दर्ज होने के बाद ईडी ने जांच शुरू की। विदेशी विनिमय प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत भी इस मामले में ईडी की जांच चल रही है।

# टाटा समूह की कंपनी को हवाईअड्डा कारोबार की 49 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगी जीएमआर इंफ्रा

**नयी दिल्ली (आरएनएस)।** जीएमआर इंफ्रास्ट्रक्चर ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह हवाईअड्डा कारोबार की 49 प्रतिशत हिस्सेदारी टाटा समूह की कंपनी टीआरआईएल अर्बन ट्रांसपोर्ट को बेचेगी। कंपनी ने इससे पहले हवाईअड्डा कारोबार की 44.44 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने की पेशकश की थी। कंपनी ने बीएसई को बताया कि उसने टाटा समूह की टीआरआईएल अर्बन ट्रांसपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड को 44.44 प्रतिशत के बजाय 49 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने का निर्णय लिया है। इस सौदे को अभी नियामकीय मंजूरियां नहीं मिली हैं।

# पहली बार सेंसेक्स 42000 के पार, निफ्टी ने भी रिकॉर्ड उंचाई को छुआ

**मुंबई (आरएनएस)।** अमेरिका और चीन के बीच पहले चरण का ट्रेड डील के बाद भारतीय शेयर बाजार में गुरुवार को तेजी के रुझानों के बीच सेंसेक्स पहली बार 42,000 के पार चला गया और निफ्टी भी नई उंचाई को छुआ। पूर्वाह्न 10.22 बजे सेंसेक्स पिछले सत्र से 99.71 अंकों की तेजी के साथ 41,972.44 पर बना हुआ था और निफ्टी भी 20.85 अंकों की तेजी के साथ 12,364.15 पर कारोबार कर रहा था। अमेरिका और चीन के बीच व्यापारिक मसलों को लेकर बुधवार को पहले चरण के करार पर हस्ताक्षर हुए। इससे पहले बंबई स्टॉक एक्सचेंज यानी बीएसई के 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स पिछले सत्र के मुकाबले तेजी के साथ 41,924.74 पर खुला और 42,000 के मनोवैज्ञानिक स्तर को तोड़कर रिकॉर्ड 42,059 तक उछला। सेंसेक्स पिछले सत्र में 41,872.73 पर बंद हुआ था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज यानी एनएसई के 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी भी पिछले सत्र के मुकाकले तेजी के साथ 12,347.10 पर खुला और कारोबार के दौरान 12389.05 तक उछला जोकि अब तक का रिकॉर्ड स्तर है। निफ्टी पिछले सत्र में 12,343.30 पर बंद हुआ था।

# विराट कोहली की 87 साल की फैन चारुलता पटेल का निधन, बीसीसीआई ने जताया दुख

**गांधीनगर।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली की 87 वर्षीय सुपर फैन चारुलता पटेल का निधन हो गया है। विश्वकप के दौरान चारुलता ने विराट कोहली को आशीर्वाद दिया था। आपको बताते जाए कि आईसीसी वर्ल्ड कप 2019 के दौरान भारतीय क्रिकेट टीम को चीयर करने स्टेडियम पहुंची और सुपरफैन दादी के नाम से मशहूर हुई 87 वर्षीय क्रिकेट फैन चारुलता पटेल का निधन होने पर बीसीसीआई ने ट्वीट किया है।



ट्वीट में उन्होंने लिखा है कि टीम इंडिया की सुपरफैन चारुलता पटेल जी हमेशा हमारे दिलों में बनी रहेंगी। खेल के लिए उनका जुनून हमें प्रेरित करता रहेगा और उनकी आत्मा को शांति मिले।

चारुलता पटेल उस समय टीम इंडिया की खास फैन बन गई जब उन्होंने इंग्लैंड में हुए वर्ल्ड कप के दौरान स्टेडियम में पहुंच कर टीम इंडिया को सपोर्ट किया था। इस दौरान टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली और रोहित शर्मा ने स्टैंड में जाकर उनसे मुलाकात भी की थी। इतना ही नहीं विराट कोहली और उप-कप्तान रोहित शर्मा ने उनसे आशीर्वाद भी लिया था। वे जिस तरह टीम इंडिया का हौसला बढ़ा रही थीं, उसने सभी को मुरीद बना लिया था। विराट कोहली ने उन्हें कुछ मैचों के टिकट भी गिफ्ट किया था। वर्ल्ड कप में भारत और बांग्लादेश के बीच हुए मैच के बाद चारुलता पटेल सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थीं और हर कोई उनके बारे में बात कर रहा था। चारुलता पटेल के आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर भी उनके निधन की पुष्टि कर दी है।

# अनार और अनार जूस के फायदे, आप नहीं जानते

अनार एक ऐसा फल है जिसके नियमित सेवन से हमें अच्छा स्वास्थ्य मिलता है। ऐसा माना जाता है कि अनार का जन्मस्थल अरब देश है। अनार खाने में स्वादिष्ट होने के साथ-साथ पाचक और हमारे शरीर में रक्त वृद्धि करने वाला भी होता है। इस फल के दाने लाल मोती जैसे चमकते हैं। यह फल खट्टा मीठा स्वाद लिए होता है। अनुपम गुणों वाला अनार स्वास्थ्यवर्धक फल है। जिसका नियमित सेवन करने से बीमारी पड़ने की संभावना कम हो जाती है और इसके चूर्ण से बीमारियां हमसे कोसों दूर भागती हैं। इसके लगातार सेवन से हम बहुत सी बीमारियों को दूर कर सकते हैं। जैसे-



अतिसार - अनार के रस के साथ सौंफ, धनिया और जीरा इनको बराबर मात्रा में पीस कर इनका चूर्ण बनाकर सेवन करें। अथवा अनार के रस में पका हुआ केला मथकर इसका सेवन करें।

कब्ज - अनार के पत्तों को उबाल कर उसका काढ़ा पीने से कब्ज से पीछा छुड़ाया जा सकता है। अजवायन का चूर्ण फांक कर फिर अनार का रस पीएं। तो कब्ज से मुक्ति मिलेगी।

शरीर में खून की कमी - एनीमिया शीघ्र दूर करने के लिए अनार का रस और मूली का रस समान मात्रा में मिलाकर पीएं।

एसीडिटी (अम्ल पित्त)- अनार रस और मूली का रस समान मात्रा में लेकर उसमें अजवायन, सैंधा नमक चुटकी भर मिलाकर सेवन करने से अम्ल पित्त बीमारी से छुटकारा पाया जा सकता है।

## आज का राशिफल

**मेष:** राशि स्वामी मंगल अष्टम भाव में होने से कुछ बिगड़े काम बनेंगे। विदेश यात्रा का प्रसंग प्रबल होगा।

**वृषभ:** राशि का स्वामी शुक्र दशम भाव में धन, सांसारिक सुख वृद्धि कारक है। चंद्रमा रात्रि 09 बजे से कन्या राशि में स्त्री के स्वास्थ्य में सुधार होगा।

**मिथुन:** आपकी राशि का स्वामी बुध राशि से अष्टम भाव में अस्त है। चंद्रमा आज कन्या राशि का होकर पंचम घर में अकस्मात संतान कष्ट और व्यर्थ से मानसिक कलेश हो सकता है।

**कर्क:** आज का दिन आपके लिए काफी लाभदायक रहेगा। निवेश में आशा के अनुकूल लाभ होगा।

**सिंह:** आपकी राशि का स्वामी सूर्य शत्रु भाव में मकर राशि पर परिभ्रमण कर रहा है। चंद्रमा भी आज कन्या राशि गत है।

**कन्या:** आपकी राशि का स्वामी बुध पंचम प्रमुख त्रिकोण में श्रेष्ठ मार्गों से धन आगमन के द्वारा कोषवृद्धि का संकेत कर रहा है।

**तुला:** आपको आज का दिन विशेष शुभकारक है। आपसे वरिष्ठ व्यक्ति भी आपकी बात सुनेंगे। सभी अवाश्यक कार्य आसानी से बनते चले जाएंगे।

**वृश्चिक:** आपकी राशि पर आज चंद्रमा द्वादश का है। शनि-शुक्र पहले से ही राशि पर विपरीत फल कर रहे हैं।

**धनु:** शनि की साढ़ेसाती के प्रभाव से बनते कामों में विघ्न उत्पन्न हो रहे हैं। एकादश घर में तुला राशि का चंद्रमा भी व्यर्थ व्यय कीर्ति की हानि का योग है।

**मकर:** आज का दिन मिश्रित फलकारक है। राशि का स्वामी शनि की द्वादश स्थिति होने से प्रभाव प्रताप में वृद्धि होगी।

**कुंभ:** आपके लिए आज का दिन अपेक्षाकृत शुभ रहेगा। राशि स्वामी शनि धनु राशि में होने से आर्थिक स्थिति से बेहतर होगी।

**मीन:** आपकी राशि पर धनु का बृहस्पति की पंचम दृष्टि होने से आज विशेष धन लाभ व आय के साधनों में वृद्धि होगी।

# राधे के सेट पर साइकल से पहुंचे सलमान खान

बॉलिवुड के सुपरस्टार सलमान खान इस इंडस्ट्री के सबसे चहेते ऐक्टर्स में से एक हैं। फिलहाल वह अपनी हालिया रिलीज़ फिल्म दबंग 3 की सफलता और अपने घर आई नई-नवेली और नन्ही मेहमान अयात शर्मा की एंट्री को इंजॉय कर रहे हैं। इस डबल सेलिब्रेशन के बाद सलमान अब अपने काम पर वापस लौट चुके हैं।

उन्होंने अपने अगली और बहुचर्चित फिल्म राधे- द मोस्ट वॉन्टेड भाई की शूटिंग शुरू कर दी है।



जैसा कि हम सभी जानते हैं कि सलमान अक्सर साइकल की सवारी के लिए अपनी फैन्सी कार को भी भाव नहीं देते। किक ऐक्टर अक्सर सेट पर अपनी कार को छोड़ साइकल से पहुंचते हैं। बता दें कि इन दिनों सलमान मुंबई में अपनी फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं और सेट तक पहुंचने के लिए कार की जगह साइकल का सहारा ले रहे हैं।

रिपोर्ट की मानें तो पिछले वीक सलमान धोबी घाट में एक गाने की शूटिंग कर रहे थे।

इस गाने का टाइटल है, नॉक नॉक तेरा बाप आया और इस गाने में वह अपने 50 जूनियर आर्टिस्ट्स के साथ ताल मिलाते नजर आएंगे। ये आर्टिस्ट इस गाने में पुलिस और धोबी के लुक में दिखेंगे। सलमान बांद्रा में रहते हैं और लंबे डिस्टेंस के बावजूद महालक्ष्मी में मौजूद इस सेट तक जाने के लिए उन्होंने साइकल का सहारा लिया।

# शमशेरा में रणबीर कपूर के साथ काम कर खुश हैं शक्ति मोहन

रणबीर कपूर के फैन्स इन दिनों उनकी आने वाली फिल्म ब्रह्मास्त्र का वेट कर रहे हैं. फिल्म ब्रह्मास्त्र के साथ ही जल्द वह फिल्म शमशेरा में भी नजर आने वाले हैं. शमशेरा में रणबीर कपूर के साथ डांसर-कोरियोग्राफर शक्ति मोहन ने भी काम किया है. रणबीर कपूर के साथ काम करने को लेकर बात करते हुए शक्ति मोहन का कहना है कि रणबीर कपूर को डांस के लिए कोरियोग्राफ करना उनके लिए सपना सच होने जैसा है। शक्ति मोहन ने कहा कि बात जब कलाकारों की आती हैं तो मेरी ख्वाहिश रणबीर कपूर के साथ काम करने की थी, क्योंकि बतौर अभिनेता मैं उन्हें बहुत पसंद करती हूं.



शक्ति ने कहा कि रणबीर आज के दौर के उम्दा कलाकारों में से एक हैं. उन्होंने बताया कि फिल्म शमशेरा में उनके लिए एक गाना कोरियोग्राफ किया है. फिल्म इस साल के अंत में रिलीज हो रही है और मैं इसका इंतजार कर रही हूं. उन्होंने कहा कि ईश्वर मेरे ऊपर मेहरबान हैं कि मेरा सपना सच हुआ। फिल्म ब्रह्मास्त्र निर्देशक अयान मुखर्जी की महत्वाकांक्षी फिल्म है. फिल्म में आलिया भट्ट, रणबीर कपूर और अमिताभ बच्चन मुख्य भूमिकाओं में हैं. फिल्म को लेकर काफी बज बना हुआ है।

# सुबह के नाश्ते में सर्व करें टेस्टी और हेल्दी 'स्प्राउट्स सैंडविच'

### सामग्री :-

ब्राउन ब्रेड स्लाइस- 8,
स्प्राउट्स- 4 चम्मच (उबले हुए),
आलू -1 कप (उबले, छीले और कटे हुए),
हरी मिर्च- 2 (बारीक कटी),
प्याज- 1 (मीडियम कटे हुए),
चाट मसाला- 2 कप,
नमक- स्वादानुसार,
बटर- 8 चम्मच,
लेट्यूस पत्ते- 8



### विधि :-

स्टफिंग तैयार करने के लिए आलू, स्प्राउट्स, हरी मिर्च, प्याज, चाट मसाला और नमक एक बाउल में डालकर मिक्स करें।ब्रेड स्लाइस के ऊपर बटर फैलाएं और फिर हर एक स्लाइस पर लेट्यूस की पत्तियां भी।अब इसके ऊपर ये स्टफिंग फैलाएं और इसके ऊपर ब्रेड की दूसरी स्लाइस रखें। एक नॉन स्टिक पैन गर्म करें और उसमें सैंडविच को दोनों साइडस से हल्का ब्राउन करें। सर्विंग प्लेट में इन्हें गरमा-गरम सर्व करें।

## शब्द सामर्थ्य- 6

**बाएं से दाएं**

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | | ■ | 6 | |
| ■ | 7 | | | ■ | ■ | ■ | | ■ |
| 8 | | | ■ | 9 | | | | ■ |
| 10 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ | 11 |
| | ■ | 12 | | | ■ | ■ | 13 | |
| 14 | 15 | ■ | | ■ | 16 | 17 | | |
| ■ | | ■ | 18 | | | | ■ | ■ |
| 19 | | | | ■ | | ■ | 20 | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 05 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | ■ |
| प | ■ | ति | ■ | ■ | र | क्ष | क | ■ |
| र | ह | मा | न | ■ | ■ | ■ | ■ | आ |
| वा | ■ | ■ | मि | थु | न | ■ | दा | स |
| ह | वा | ला | त | ■ | सी | ता | ■ | पा |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | ■ | म | ■ | त | ■ | ■ |
| ला | ■ | बे | च | ना | ■ | व | च | न |
| द | ह | ला | ■ | ना | ग | र | ■ | दी |

## सू-दोकू-6

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.05 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |